तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 24 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

जिला ग्रंथालय, शासकीय बहुदिव्यांग विद्यालय और वृद्धाश्रम का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

4



## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन कार्य के विरोध में पटवारी संघ का आंदोलन स्थगित

**जांजगीर-चांपा।** लंबे समय से ऑनलाइन कार्य व्यवस्था का विरोध कर रहे पटवारी संघ ने आखिरकार अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है। आंदोलन के ऐलान से पहले ही सरकार ने उनकी प्रमुख मांगें मान ली थीं। इसके बावजूद आंदोलन की जिद पटवारियों को महंगी पड़ी और सरकार की सख्त कार्यवाही के संकेत ने संगठन को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। सूत्रों के अनुसार, जांजगीर-चांपा जिले में 142 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। ग्रामीण अंचलों में राजस्व कार्य पर आंदोलन का सीधा असर पड़ा। किसानों और आम नागरिकों को कई दिनों तक पटवारी अनुपलब्ध रहने से परेशानी उठानी पड़ी। अब आंदोलन स्थगित होने के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि कामकाज सामान्य गति पकड़ लेगा।

### एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल छठवें दिन भी जारी

**जांजगीर-चांपा।** जिला सक्ति के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर कलेक्ट्रेट के सामने जेठा मैदान में डटे हुए हैं। शनिवार 23 अगस्त को आंदोलन का छठवां दिन रहा, जहां कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की और अपनी नाराज़गी जाहिर की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने संविदा प्रथा का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद सभी कर्मचारी रैली निकालते हुए सड़कों पर उतरे और सरकार से अपनी मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की। कर्मचारियों ने अपने गीतों और नारों के माध्यम से सरकार के अधूरे वादों को उजागर करते हुए जनता को भी इस संघर्ष से अवगत कराया। उनका कहना है कि जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

### अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बम्हनीडीह।** दो अलग अलग प्रकरणों में दो आरोपियों के कब्जे से 14 लीटर एवं साढ़े 6 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धनवापारा सोंठी निवासी संतराम धनवार पिता खीकराम धनवार के कब्जे से 14 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं आरोपी रामकुमार पटेल निवासी धनवारपारा सोंठी के कब्जे से 6.5 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब को गवाहों के समक्ष बरामद किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना बम्हनीडीह में अलग-अलग अपराध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक के.पी. सिंह थाना प्रभारी बम्हनीडीह, सउनि जय नंदन मार्बल, प्र.आर. मिलन राठौर, आरक्षक शैलेन्द्र राठौर, जयराम बिंझवार, सचेन्द्र साहू, म.आर. रूबी अस्मीन का योगदान रहा।

### ग्रामीण के घर 4 फुट का मगरमच्छ घुसने से मची अफरातफरी



**अकलतरा।** ग्राम कोटमीसोनार के एक मकान के बेडरूम में अचानक 4 फुट का मगरमच्छ घुस जाने से परिवार के लोगों में अपरातफरी मच गई। परिजनों के द्वारा मोहल्ले वासियों की सहायता से मगरमच्छ को निकाल कर क्रोकोडाइल पार्क में शिफ्ट किया गया। इस संबंध में यह जानकारी मिली कि क्रोकोडाइल पार्क के पास में ही रहने वाले कुलदीप सिंह के घर में परिजनों के द्वारा बेडरूम में 4 फुट का मगरमच्छ देखकर घर के लोगों के होश उड़ गए। बताया जा रहा है कि घर के लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे तो मगरमच्छ चुपके से घर के बेडरूम में घुस गया।

## युवाओं और कच्ची उम्र के बच्चों के बहक रहे कदम

# चाकूबाजी की बढ़ने लगीं वारदात

# बात-बात पर हो रहा चाकू से वार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

चाकूबाजी की वारदात जिले में बढ़ने लगी है। बात बात पर चाकू चलने लगी है। युवाओं के साथ ही कच्ची उम्र के बच्चे भी धारदार चाकू से हमला करने गुरेज नहीं कर रहे है। चाकू के हमले से जहां कई जान जा चुकी है। वहीं कई लोग जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे है। चाकूबाजी की बढ़ती वारदात से जिला थर्राया है। पुलिस प्रशासन के साथ ही आम लोगों की भी चिंता बढ़ गई है।

जांजगीर चांपा जिले की शांत फिजा में इन दिनों दहशत का आलम देखा जा रहा है। हर दिन कही ना कही चाकू बाजी की वारदात हो रही है। पहले गाहे बगाहे गैंगवार में चाकू या धारदार हथियार का प्रयोग होता था, लेकिन आजकल मामूली बात पर चाकू से हमला होने लगा है। स्कूली बच्चे भी इन दिनों चाकू लेकर चलने लगे है। जरा सा विवाद होते ही चाकू से हमला किया जा रहा है। दोस्त ही आपस में चाकू से वारकर जान लेने पर अमादा हो रहे है। चाकूबाजी की बढ़ती घटनाओं का कारण युवाओं के बहकते कदम को माना जा रहा है। सोशल मीडिया के प्रभाव के साथ ही नशे की गिरफ्त में आ चुके युवा चाकूबाजी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है।



### नैतिक मूल्यों के क्षरण का परिणाम

टीसीएल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र विभाग) प्रो. राजेश दुबे ने बताया कि चाकूबाजी की घटनाएं केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक विफलताओं का दर्पण भी है। ये घटनाएं सामाजिक असंतुलन, पारिवारिक विघटन और नैतिक मूल्यों के क्षरण का भी परिणाम है। साथ ही इस प्रकार की घटनाओं के पीछे नाबालिकों तथा युवाओं में नशे की बढ़ती लत तथा मोबाइल का दुष्प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण कारक भी छिपे हैं। यदि परिवार, समाज, विद्यालय और सरकार मिलकर सामूहिक प्रयास करें तो इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है और युवाओं को एक सुरक्षित एवं सकारात्मक दिशा दी जा सकती है।

### रोकथाम का प्रयास जारी

चाकूबाजी की घटनाओं को रोकने प्रयास जारी है। इसके लिए कई स्तर पर काम किया जा रहा है। चाकू की जब्ती के लिए पुलिस टीम लगातार जांच कर रही है। नशा एक बड़ा कारण है। इसके अलावा आर्थिक, सामाजिक कारण पर भी काम किया जा रहा है। सेंसेटिव स्पॉट पर पुलिस की निगरानी है। समाज कल्याण, शिक्षा विभाग व अन्य विभागों से भी तालमेल बनाकर ऐसी घटनाओं को रोकने का प्रयास जारी है।

**-विजय कुमार पाण्डेय**
एसपी, जांजगीर चांपा

### केस-1

अकलतरा में 6 जुलाई की शाम कुछ युवकों ने सड़क किनारे खड़ी बाइक पर बैठने के विवाद पर ही चाकू से एक युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया। अमन सारथी अपने दोस्त तिलेश्वर भैना के साथ खरीददारी करने दुकान आया था। सिंघानिया पेट्रोल पंप के पास वह एक बाइक पर बैठ गया था। कुछ देर में आशीष यादव और उसके साथी पहुंचे और उनकी बाइक में बैठने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अमन का साथी तिलेश्वर भैना भी वहां पहुंच गया। दोनों पक्षों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। इसी बीच आशीष और उसके साथियों ने तिलेश्वर भैना पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। तिलेश्वर के पेट में गंभीर चोट आई है। मामले में पुलिस ने आशीष यादव, प्रभात यादव, सुमित चौहान और संजीव कुमार को जेल भेज दिया है।

### केस-2

अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम तरौद में 12 अगस्त को शराब पीने के बाद तीन दोस्त आपस में उलझ गए। इस पर एक युवक पर चाकू से वार कर दिया गया। जिससे उसकी मौत हो गई। दरअसल झलमला निवासी आकाश कुर्रे अपने दो साथी करण सोनी और शिव बघेल के साथ शराब पीने तरौद आया था। तरौद के शराब भट्ठी में शराब लेने के बाद तीनों ने कुछ दूर जाकर शराब पी। इसी दौरान उनके बीच विवाद हो गया। करण सोनी अपने पास चाकू लेकर चलता था। विवाद बढ़ने पर उसने अपने साथी शिव बघेल के साथ मिलकर आकाश कुर्रे पर चाकू से हमला कर दिया। आकाश के पेट में चाकू से कई वार किए गए। आकाश को बिलासपुर रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने करण सोनी और शिव बघेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### केस-3

सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम अफरीद में स्कूली छात्रों के बीच हुए विवाद पर चाकूबाजी की वारदात हो गई। स्कूल में 15 अगस्त को 2 छात्रों के बीच विवाद हुआ। इसके एक छात्र अपने अन्य साथियों को लेकर पहुंचा। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर दूसरे छात्र की जमकर पिटाई कर दी और चाकू से पेट और शरीर के अन्य हिस्सों पर ताबडतोड़ वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल छात्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल से बिलासपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले में नाबालिग छात्र और उसके साथी साहिल पटेल को घटना के बाद पकड़ा। साहिल को जेल दाखिल कर दिया गया है। वहीं नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

# बेटी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पिता की हत्या, 4 साल बाद हुआ खुलासा

## छाता जंगल में मिली थी जली हुई लाश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**



पुलिस अभिरक्षा में आरोपी।

बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पिता के हत्या की साजिश रची। इसके बाद हत्या की वारदात को शातिर तरीके से अंजाम भी दे दिया गया। पुलिस कई साल तक हाथ पाव मारती रही, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। इधर घटना के 4 साल बाद इस मामले का खुलासा हुआ। मामले में चौकाने वाले तथ्य सामने आए। बेटी ने ही अपने प्रेमी और एक और अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। तीनों आरोपी अब सलाखों के पीछे पहुंच गए है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 नवंबर 2020 को बलौदा क्षेत्र के छाता जगंल के नहर पुल के पास एक व्यक्ति की जली अवस्था में लाश मिली थी। मृतक की पहचान बगडबरी निवासी भूखल रोहिदास के रूप हुई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इधर कुछ दिन पहले बिलासपुर जिले में हुए एक मर्डर के बाद भूखल की हत्या का राज सामने आया। दरअसल भुखल की बेटी राजिम उर्फ़ रजनी बाई अबैध शराब बिक्री का कारोबार करती थी। उसके घर राजाबाबू खूंटे भी शराब लेने आता था। इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गया। रजनी के पिता भुखल को इससे नाराजगी थी। अक्सर भूखल रोहिदास और उसकी बेटी रजनी के बीच इस बात को लेकर विवाद होता रहता था। रजनी और राजाबाबू ने मिलकर भूखल को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। भूखल की हत्या से जहाँ उनके रास्ते का कांटा दूर होने वाला था, वहीं सम्पत्ति भी मिलने वाली थी। इसी लालच में हत्या की साजिश रची गई। राजाबाबू ने अपने एक अन्य साथी पुरुषोत्तम खुटे को भी अपने प्लान में शामिल किया। पुरूषोत्तम खुंटे व राजाबाबू खुंटे शराब पिलाने के बहाने भूखल को अपने पल्सर मोटरसाईकिल से बैठाकर बिछलवा नरवा और छाता जगंल के पूल नहर पार में ले गए। शराब में पहले ही चूहा मार दवा मिला दी गई थी। शराब पीने के बाद भूखल की मौत हो गई। इसके बाद उसके शरीर में पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। पुलिस ने कुरमा निवासी 24 वर्षीय राजाबाबू खुंटे, 28 वर्षीय पुरूषोत्तम खुंटे और बगडबरी निवासी राजिम उर्फ रजनी बाई रोहिदास को धारा 303,201,120 बी,34 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### राज छुपाने किया एक और मर्डर

भूखन रोहिदास की हत्या का राज छुपाने राजाबाबू ने चकरभाठा बिलासपुर में एक और मर्डर कर डाला। जिस शख्स ने भूखल की हत्या का राज जानने की बात राजाबाबू से कही उसकी 24 जुलाई को राजा बाबू खुंटे द्वारा हत्या कर फिर गई। चकरभाठा पुलिस ने जब उसे गिरफ्तार किया तो पूछताछ में भूखल रोहिदास की हत्या का खुलासा हुआ। भुखल रोहिदास की हत्या करना कबूल करने पर मर्ग डायरी को पुनः जांच कर बलौदा पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# दो दिनों की बारिश से जमड़ीनाला के ऊपर से ऊपर बह रहा 4 फीट पानी



जमड़ीनाला से ऊपर बह रहा पानी।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह**

सिवनी सुखरीकला सड़क मार्ग के मध्य स्थित जमड़ी नाला का सड़क पुल अंचल के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वहीं सड़क पुल की स्थित बहुत ही जर्जर हो गई है। इस समय यह सड़क पुल बारिश के पानी मे डूब गईं है। पुल से करीब चार फीट ऊपर पानी बह रहीं है।

ज्ञात हो कि पिछले माह इस सड़क मार्ग के पुल से करीब पांच फीट ऊपर पानी बह रहीं थीं। इस बीच सिवनी की ओर से बहेराडीह जा रहीं भारी वाहन को पार किया जा रहा था। उसी समय सड़क पुल के बिचोबीच भारी वाहन फ़स गई थीं। जिसे करीब पंद्रह घंटे बाद भारी मशक्कत करके बाढ़ से बाहर निकाला गया था। जबकि बाढ़ मे डूबे सड़क पुल से पार नहीं करने की चेतावनी देते हुए चाम्पा पुलिस ने बाकायदा लाल झंडा लगाया था। उसके बाद भी भारी वाहन धड़ल्ले से पार किया जाना ड्राइवर को भारी महंगा पड़ गया था। जिससे कभी भी जर्जर पूरा क्षतिग्रस्त हो सकती है। जबकि क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस पुल पर भारी वाहन के परिचालन पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग कलेक्टर के जन दर्शन मे कई बार कर चुके है।

### चोरी के सामान खरीदने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**सक्ती।** चोरी का माल खरीदने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 9 लोहे का चैनल गाडर को जब्त किया गया हे। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार चौहान निवासी सराईपाली थाना सक्ती का रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके ठेका के निर्माणाधीन मकान के छत के उपर में लोहा के चैनल गाडर को चोरी कर ले गए। उक्त गाडर की कीमत 65 हजार 450 रुपए बताई जा रही है। इस दौरान दुर्गेश बरेठ पिता सुरज बरेठ उम्र 21 वर्ष, शिवा सोनी पिता श्रवण कुमार सोनी उम्र 22 वर्ष, पुष्पेन्द्र शर्मा पिता दयाकिशन शर्मा उम्र 25 वर्ष के कब्जे से 5 नग लोहे का चेनल गाडर को बरामद कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक पर भेजा गया है। प्रकरण में आरोपीगण द्वारा पूछताछ पर चोरी किये गये लोहे का चेल गाडर को अजय कुमार सहिस उर्फ जेडी निवासी कसेरपारा सक्ती के पास बेचना बताया गया। आरोपी अजय कुमार सहिस फरार था। मुखबिर की सूचना पर अजय कुमार सहिस निवासी वार्ड नंबर 1 कसेरपारा सक्ती को 23 अगस्त को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।






## खबर संक्षेप

### भारतीय शास्त्रीय नृत्य महोत्सव में स्वास्तिक व प्रिशा ने प्राप्त किया प्रथम व द्वितीय स्थान



**सक्ती।** जिंदल वर्ल्ड स्कूल के कक्षा 5वी के छात्र स्वास्तिक गबेल और छात्रा प्रिशा अग्रवाल ने बैंगलोर के प्रतिष्ठित भारतीय शास्त्रीय नृत्य महोत्सव, नृत्यानुष्ठानयति में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त कर शाला सहित शहर को भी गौरवान्वित किया है। स्कूल के डायरेक्टर ऋषभ अग्रवाल और रवि अग्रवाल तथा प्राचार्य वेंकट ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### परिवार गौरव सम्मान से सम्मानित हुए लोकेश



**बिर्रा।** ग्राम सिलादेही के सड़क पारा निवासी वरिष्ठ शिक्षक एवं समाजसेवी छबि कुमार पटेल एवं शिक्षक पारेश्वर पटेल के भांजा लोकेश कुमार पटेल को परिवार गौरव सम्मान से स्मृति चिन्ह एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि यह सम्मान फोटोग्राफर व विडियो ग्राफर वेलफेयर सोसायटी जिला जांजगीर-चांपा द्वारा आयोजित परिवार गौरव सम्मान, प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान और जनसेवा रत्न सम्मान कार्यक्रम विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर जांजगीर में किया गया। जिसमें व्यास कश्यप विधायक, राजेश सिंह क्षत्रीय की उपस्थिति में लोकेश पटेल फोटोग्राफर को परिवार गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। लोकेश के सम्मानित होने पर बिर्रा क्षेत्र में एवं माता पिता, मामा मामी और ईस्ट मित्रों में खुशी की लहर व्याप्त है।

### असहाय वृद्धा के लिए अन्नपूर्णा मुहिम बना बुढ़ापे की सहारा




**जांजगीर-चांपा।** जिले के बम्हनीडीह ब्लॉक के मोहगांव गांव में रहने वाली 70 वर्षीय असहाय वृद्धा खीख बाई सूर्यवंशी को संत रामपाल महाराज की 'अन्नपूर्णा मुहिम' के तहत तत्काल मदद पहुंचाई गई है। उनके पति, स्वर्गीय छत राम सूर्यवंशी, का निधन काफी समय पहले हो चुका था, और उनके पांच जवान बच्चों की भी दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो चुकी थी। इस स्थिति में, उन्हें सहारा देने वाला कोई नहीं था और वे भोजन व अन्य आवश्यक वस्तुओं के अभाव से जूझ रही थीं। इस बुजुर्ग महिला की दयनीय स्थिति के बारे में जब संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों को पता चला, तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना अपने गुरुजी को दी। संत रामपाल महाराज ने बिना देरी किए, अपने अनुयायियों के माध्यम से खीख बाई सूर्यवंशी के लिए राहत सामग्री भेजी। इस मदद में आटा, दाल, चावल, इंडक्शन, तिरपाल, एक पंखा,लोहे का दरवाजा और अन्य राहत सामग्री शामिल था, जिससे उनकी तत्काल जरूरतें पूरी हो सकीं। संत रामपाल महाराज द्वारा चलाई जा रही यह 'अन्नपूर्णा मुहिम' हजारों गरीब और असहाय परिवारों के लिए एक वरदान साबित हो रही है।

### सर्प रक्षक ने दुर्लभ प्रजाति के सर्प का रेस्क्यू कर इंदिरा उद्यान में छोड़ा

**अकलतरा।** नगर के सर्प रक्षक राजेंद्र सोनी के द्वारा दुर्लभ प्रजाति के इंडियन कैट स्नेक का रेस्क्यू कर उसे इंदिरा उद्यान के जंगल में छोड़ा गया। सर्प मित्र राजेंद्र सोनी ने बताया कि इंडियन कैट स्नेक सेमी वेनॉमस सांप है जिसके काटने से व्यक्ति को थोड़ा बहुत जहर का एहसास होता है लेकिन सामान्यतः इसके जहर से आदमी की मौत नहीं होती है।



इसेमंजरा या बिल्ली सांप के नाम से जाना जाता है। इसका शरीर पतला ,बड़ा त्रिकोणीय सिर, बिल्ली जैसी आंखों में एक ऊर्ध्वाधर पुतली होती है एवं शरीर में गहरे भूरे रंग के ज़िगज़ैग चिह्न होते हैं। यह सांप जंगल ,खेत,गांव ,कस्बे एवं चट्टानी क्षेत्र में ज्यादा पाए जाते हैं। इनकी लंबाई 2 से 4 फीट के बीच होती है एवं मादा सांप एक बार में 3 से 10 अंडे तक देती है।

### शीघ्र समस्या का निदान नहीं होने पर रायपुर में करेंगे धरना-प्रदर्शन

# बिजली की आंख मिचौली से क्षेत्रवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम दर्री टांड ,रसेड़ा, कल्याणपुर सहित क्षेत्र के एक दर्जन से भी ज्यादा गांव में बिजली की आंख मिचोली से क्षेत्रवासी हलाकान हो गए हैं। इन गांव में विगत एक माह से बिजली के आने, बिजली के रहने एवं बिजली के चले जाने का कोई समय निश्चित नहीं है एवं कई बार तो पांच-छह घंटे तक लगातार बिजली नहीं रहती है जिसके चलते क्षेत्र के बूढ़ों, बच्चों एवं किसानों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र वासियों ने बताया कि बिजली कभी भी दिन हो या रात गुल हो जाती है एवं बिजली बंद करने की सूचना विभाग की ओर उपभोक्ताओं को नहीं दी जाती है। भारी गर्मी एवं उमस के चलते रात में बिजली गुल होने पर कई बार रतजगा करना पड़ता है एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सांप बिच्छू सहित अन्य बरसाती जीव जंत भी निकलते हैं। बिजली कटौती के कारण पानी की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से बिजली की आंख-मिचौली से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के चलते दर्री टांड़ गांव के लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर बदलने की स्थिति में आ चुका है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी बार-बार शिकायत के बावजूद कोई संज्ञान नहीं ले रहे। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि जिले के कलेक्टर के द्वारा समस्त विभागों के अधिकारियों एवं



कर्मचारियों को मुख्यालय में रहकर कार्य करने का निर्देश दिया गया है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी कलेक्टर के निर्देशों की भी अनदेखी करते हुए मुख्यालय में नहीं रहकर बाहर से आना जाना करते हैं जिसके चलते विभागीय कार्यों में विलंब एवं गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी अधिकारियों से समस्याओं की जानकारी दी जाती है, तो वे फोन पर बेतुके बयान देकर संपर्क कर समस्या से पल्ला झाड़ लेते हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के एमडी भीम सिंह कंवर के रायपुर स्थित कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई और महिलाओं के कामकाज पर असर

**गोधना।** केरा सब स्टेशन से जुड़े गोधना, कुरियारी, बोरदा, कुकदा समेत दर्जनभर गांव के लोग इन दिनों अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हल्की बारिश होते ही घंटों तक बिजली गुल हो जाती है। इस कारण जहां बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं महिलाओं को शाम के समय खाना बनाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि अंधेरे में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे मलेरिया और फाइलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है।ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधियों से की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग मेंटेनेंस के नाम पर कोई काम नहीं कर रहा, जिसकी वजह से हर बार हल्की बारिश या आंधी आते ही आपूर्ति ठप हो जाती है।



## कल्याणपुर में नशे के खिलाफ महिलाओं ने बुलंद की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम कल्याणपुर में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत सदस्य ईश्वर साहू ,थाना प्रभारी भास्कर शर्मा एवं आयुष चिकित्सा अधिकारी दयामणि साहू के आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और समाज को नशे की जकड़न से मुक्त करने की दिशा में संगठित प्रयास करना है। अतिथियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नशे को सामाजिक बुराई करार दिया। उन्होंने कहा नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह परिवार और समाज की नींव को भी कमजोर करता है। इसे खत्म करने के लिए महिलाओं की भागीदारी सबसे अहम है।वक्ताओं ने मातृशक्ति को आगे बढ़कर संगठित होने की अपील की। कहा गया कि यदि महिलाएं ठान लें तो गाँव से नशे की बुराई को पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। माताओं और बहनों को अपने बच्चों व परिवार को नशे से दूर रखने का आह्वान किया गया। अंत में सभी ग्रामीणों और मातृशक्ति ने गाँव को पूर्ण रूप से नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान जागरूकता नारे भी लगाए गए और नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष श्विनोद निर्मलकर, वीरू साहू, रवि निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद थीं।

## दिवंगत सहायक शिक्षक एल बी की पत्नी को मिलेगा 8820 रुपए फेमिली पेंशन

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय प्राथमिक शाला करनौद में सहायक शिक्षक एल बी के पद पर पदस्थ संतोष डडसेना के निधन होने पर उनकी पत्नी श्रीमती रामेश्वरी डडसेना को प्रति माह 8820 रुपए फेमिली पेंशन मिलेगा। संयुक्त संचालक कोष लेखा बिलासपुर से पीपीओ जारी हो गया है। समायोजन सिस्टम के तहत पेंशन का निर्धारण हुआ। अभिदाता द्वारा अंशदान एवं उस पर उपार्जित लाभांश सहायक शिक्षक संतोष डड़सेना के नॉमिनी श्रीमती रामेश्वरी डड़सेना के बैंक खाते में जमा हुआ तथा प्रॉन खाते में जमा कुल कार्पस राशि से शासकीय अंशदान एवं उस पर अर्जित शासन का लाभांश चालान के माध्यम से संचालनालय, कोष लेखा एवं पेंशन के द्वारा निर्धारित मद में जमा हुआ। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि बीईओ बम्हनीडीह द्वारा जिला कोषालय अधिकारी के माध्यम से एन एस डी एल द्वारा निर्धारित एनेक्जर वन डिक्लेरेशन बाई नोडल ऑफिस तथा एनेक्जर-टू नो आब्जेक्शन फॉर सेटलमेंट फॉर ऑफ एकयूमूलेटेड पेंशन वेल्थ इन एन पी एस फॉर्म में अनापत्ति प्रमाण पत्र भर कर संचालनालय, कोष लेखा एवं पेंशन को प्रेषित किया गया था। उपरोक्तानुसार संतोष डड़सेना के प्रान खाते में जमा कुल कार्पस राशि से एनएसडीएल से एम आई एस प्राप्त होने पर डीटीएपी द्वारा शासन को वापसी योग्य राशि निर्धारित लेखा शीर्ष में चालान के माध्यम से जमा शासकीय अंशदान एवं उस पर अर्जित शासन का लाभांश चालान के माध्यम से संचालनालय, कोष लेखा एवं पेंशन के द्वारा निर्धारित मद में जमा किया गया है तथा अभिदाता द्वारा अंशदान एवं उस पर उपार्जित लाभांश संबंधित शासकीय सेवक संतोष डड़सेना के नॉमिनी श्रीमती रामेश्वरी डड़सेना के बैंक खाते में राशि जमा किया गया।

## पढ़ाई के साथ खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ें छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

सरस्वती शिशु मंदिर तनौद में 19 अगस्त को संकुल स्तरीय क्रीड़ा एवं बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच श्रीमती रंजनी महावीर साहू,पूर्व सरपंच संतोष महिपाल, पंचगण रामहरि साहू -कोमल साहू, उत्तरेश्वर साहू, कमल किशोर, कृष्मकुमार कैवर्त्य, ग्राम भारती के जिला समन्वयक नवल किशोर तिवारी, स.शि.मं. तिलई के प्राचार्य तीज राम कौशिक, स.शि.मं.लोहर्सी के प्राचार्य ईश्वरी कश्यप, स.शि.मं. नरियरा के प्राचार्य रविन्दु, स.शि.मं. के प्राचार्य सरोज यादव, सरस्वती शि. मं. तनौद के प्रधानाचार्य युवराज साहू, समिति के सदस्य शिवमंगल प्रसाद निर्मलकर, कोषाध्यक्ष संतराम चौहान, सचिव युगेन्द्र कुमार साहू, आचार्थ तोमम सिंह राजपूत, आधार्थी श्रीमती शिवांगी साहू, कु. अंजु कर्ष, कु. वृन्दा साहू, कु. रम्भा कर्ष, कु निशु कैवर्य, उपस्थित थे। जिला समन्वयक श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में सुखी क्रीडा एवं बौद्धिक विकास प्रतियोगिता का महत्व व आवश्यकता गुणवत्ता के बारे में बताया। सभी विद्यालय के प्राचार्य, आचार्य व दीदीयों में कार्यक्रम को संपन्न कराने में बहुत ही सहयोग दिये व क्रीडा एवं बौद्धिक प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रमिला अजय साहू थी। अध्यक्षता पंच रामहरि साहू ने की। जिला पंचायत सदस्य ने अपने उद्बोधन में छात्रों को संबोधित करते हुए पढ़ाई व खेलकुद के क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्ररित किये एवं अपने माता पिता, विद्यालय, ग्राम व देश का नाम रोशन करने की बात कही। सभी विद्यालय के प्रतियोगिता में भाग लेने विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को जिला पंचायत सदस्य प्रमिला अजय साहू, रंजनी महावीर साहू सरपंच प्रतिनिधि व रामहरि साहू के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

■ सरस्वती शिशु मंदिर तनौद में संकुल स्तरीय क्रीड़ा एवं बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन



विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

## मछुआरों की समस्याओं के समाधान की दिशा में उठाया जाएगा ठोस कदम : मटियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत लाल मटियारा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभा कक्ष सक्ती में मछुआरा समितियों की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिले की सभी मछुआरा समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**खास बात**

■ समीक्षा बैठक में मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष ने मछुआरों को कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में वर्तमान में 41 मछुआरा सहकारी समितियां पंजीकृत हैं। ग्राम पंचायतों स्तर पर आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सरपंचों द्वारा मछली पालन की अनुमति न दिए जाने का मुद्दा प्रमुख रूप से सामने आया। मछुआरा समाज के सदस्यों ने मांग रखी कि मछली पालन हेतु आवेदन की प्रक्रिया ग्राम पंचायत से हटाकर सीधे विभागीय स्तर से स्वीकार की जाए, जिससे किसानों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत लाल मटियारा ने कहा कि उनकी नियुक्ति 4 अप्रैल को हुई और 9 अप्रैल से उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। 14 अप्रैल से वे लगातार प्रदेश के सभी जिलों का भ्रमण कर रहे हैं। सक्ती जिले का दौरा एक डेढ़ माह पूर्व प्रस्तावित था, लेकिन मानसून एवं किसानी कार्य की व्यस्तता के कारण विलंब हुआ। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य जिले के मछुआरों की वास्तविक समस्याओं को समझना और उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना है। नए जिले में प्रारंभिक स्तर पर कुछ समस्याएं सामने आ रही हैं, जिन्हें शीघ्र निराकृत किया जाएगा। परंपरागत मछुआरा समिति पंजीयन,पट्टा आवंटन, मछली पालन को प्रोत्साहन एवं अन्य संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि वे जिले का दौरा वर्ष में दो बार करेंगे एवं 5 अक्टूबर को रायपुर में होने वाले मछुआरा जागरूकता सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का निमंत्रण देते हुए प्रधानमंत्री के 'किसानों की आय दोगुनी करने' के संकल्प का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतुबैठक का आयोजन किया गया है। समीक्षा बैठक मे द्रोपदी कीर्तन चंद्रा जिला पंचायत अध्यक्ष, विद्या सिदार सभापति स्थाई कृषि समिति एवं प्रदेश मंत्री,मछली पालन विभाग सहायक संचालक सत्यजीत बिस्वास,अभिषेक शर्मा सक्ती नगर अध्यक्ष, गेंद राम मनहर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, भरत यादव उपाध्यक्ष नगरपालिका सक्ती, अरुण शर्मा जिला मंत्री दादू केवट पूर्व पार्षद सक्ती ,विजय ध्रुव,नवीन धीवर, बजरंग धीवर विजय केवट,राजू केवट, अजय कुमार,देवब्रत भीष्म,अखिलेश भीष्म, किशन, अशोक जलतारे, रामनारायण धीवर ,भागीरथी धीवर, दामोदर, रामेश्वर , रविशंकर ढीमर सहित बड़ी संख्या में मछुआरा समूह और समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


समीक्षा बैठक के दौरान जानकारी देते मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत लाल मटियारा।

## गो सेवा से प्रसन्न होते हैं गोविंद : आचार्य उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर-17 में शर्मा परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य पंडित रविलास उपाध्याय ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गो सेवा करने से गोविंद प्रसन्न होते हैं और गो सेवा के माध्यम से हमें ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है।

■ ब्यास आचार्य ने सुनाई वामन अवतार, रामजन्म व श्रीकृष्ण जन्म की कथा

उन्होंने कथा के क्रम में वामन अवतार की कथा सुनाते हुए भगवान विष्णु की दिव्य लीला का वर्णन किया। इसके साथ ही राम जन्म और कृष्ण जन्म की अद्भुत कथाओं का विस्तार से उल्लेख कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि भगवान के प्रत्येक अवतार का उद्देश्य धर्म की रक्षा और अधर्म का नाश करना रहा है।आचार्य उपाध्याय ने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है। कथा श्रवण से मन को शांति, भक्ति और जीवन में सद्भावना प्राप्त होती है। कथा श्रवण करने छग विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, मुख्य यजमान सुनील शर्मा, कुमुदनी शर्मा, सीता देवी शर्मा, संजय शर्मा, विद्या शर्मा, कीर्ति विलास शर्मा, अनिल शर्मा ,सतीश सिंह, अमित यादव, संतोष शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। रविवार को भगवान कृष्ण की बाल लीला, गोवर्धन पूजा और रुक्मिणी मंगल की कथा होगी।



ब्यास पीठ की पूजा अर्चना करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
24/7
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग ) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पायरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर से मिला वरिष्ठ नागरिक संघ का प्रतिनिधि मण्डल

**सूरजपुर।** वरिष्ठ नागरिक संघ का प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर से मिलकर संघ के कार्यालय तथा बापू की कुटिया में हुई चोरी के संबंध में अवगत कराया। संघ के संयोजक लालचंद अग्रवाल एवं अध्यक्ष अनिल गोयल ने कलेक्टर को बताया कि गत दिनों वरिष्ठ नागरिक संघ के कार्यालय में दो बार चोरी हुई थी और इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी थी किन्तु चोर आज तक पकड़ में नहीं आए। इसके अलावा बापू की कुटिया में दो बार हुई चोरी के संबंध में कलेक्टर जानकारी देकर अवगत कराया। साथ ही कलेक्टर से विस्तृत चर्चा कर बापू की कुटिया में एक चौकीदार की व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने बापू की कुटिया में चौकीदार की व्यवस्था करने तथा सीसी टी व्ही कैमरा लगवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान संरक्षक हरिदास अग्रवाल, आरएस मिश्रा, सचिव मोती लाल गुप्ता उपस्थित थे।

### एनएच की जर्जर सड़क पर पलटा ई रिक्शा



**राजपुर।** एनएच 343 पर बने गड्ढे आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहे है। शुक्रवार को फिर से गड्ढे को भरने के लिए डाले गए बड़े बड़े बोल्डर के कारण एक ई रिक्शा पलट गई। इस दौरान रिक्शा सवार लोगो को मामूली चोट आई है। इन घटनाओं को लेकर लोगों में रोष का माहौल है। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर सड़क जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। भारी वाहनों के आवागमन के कारण बने गड्ढों को भरने के लिए ठेकेदार द्वारा बड़े बड़े बोल्डर डाल दिए गये है जिससे लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई है। शुक्रवार को भी एनएच की जर्जर सड़क के कारण एक हादसा हो गया जिसमें लोग बाल बाल बच गये। गड्ढों के कारण यात्रियों से भरी ई रिक्शा बीच सड़क पर पलट गई। ग्रामीण खाद लेकर गांव जा रहे थे। दुर्घटना के बाद ग्रामीण घायल हो गये जबकि बीज भीग गया। स्थानीय लोगों की मदद से ग्रामीण को उठाया गया। इस संबंध में पार्षद राजन त्रिपाठी ने बताया कि जर्जर सडक के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है लेकिन विभाग और ठेकेदार द्वारा समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में एनएच के एसडीओ निखिल लकड़ा ने बताया कि बारिश के कारण सडक के गड्ढों को भरने का काम नहीं हो पा रहा है। बारिश के बाद सड़क मरम्मत का कार्य किया जाएगा। ठेकदार को निर्देश दिए गये है।

### खदान में दो सुरक्षाकर्मियों पर हमला





बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर के खदान क्षेत्रों में कबाड़ व केबल चोर गिरोह एक बार फिर से सक्रिय होकर आतंक फैला रहा है।घटना गुरुवार 21 अगस्त की मध्य रात्रि की बताई गई है,कुमदा रेलवे साइडिंग में ड्यूटी कर रहे दो सुरक्षा कर्मी जुगेश्वर और कन्नी लाल की लोहे की रॉड से पिटाई कर साइडिंग में लगा बीस मीटर से अधिक लाइटिंग केबल काट कर ले गए।मारपीट की घटना मध्य रात्रि करीब सवा दो बजे के आसपास की बताई गई है।लोहे की रॉड से मारपीट में जुगेशवर का पैर फैक्चर हो गया है एवं सब्बल से हमले में कन्नीलाल को सीने में चोटें आई है, दोनों आहतों को इलाज के लिए केंद्रीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।बताया गया कि गत सप्ताह 7-8 खदान के बूम बैरियर में लगे एसी को भी अज्ञात चोरों ने मध्यरात्रि में पार कर दिया था जिसकी रिपोर्ट भी पुलिस में दी गई है, साथ ही बूम बैरियर में लगे सीसी टीवी फुटेज भी खदान प्रबंधन ने पुलिस को उपलब्ध कराया है। जिसमें दो चोर वारदात को अंजाम देते कैमरे में दिख रहे हैं।खदान क्षेत्रों में कबाड़ और केबल चोरों के बढ़े हौसले से अब सुरक्षा कर्मी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे है।घटना के दौरान चोरों द्वारा सुरक्षा कर्मियों की रेकी करने की भी जानकारी सामने आई है।बीती रात त्रिपुरा बटालियन की पेट्रोलिंग पार्टी कुमदा में मौजूद थी,जैसे ही गश्त पार्टी बिश्रामपुर के लिए रवाना हुई वैसे ही चोरों ने कुम्दा साइडिंग में हमला बोल दिया और दोनों सुरक्षा कर्मी का पहले मोबाइल लुट लिया, फिर पिटाई कर घायल करते हुए केबल काटकर ले गए।

### हाइवा की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**प्रतापपुर।** धंधापुर निवासी दो युवक बाइक क्रमांक सीजी 15 ईडी 77113 से अंबिकापुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार खड़गवां मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी एसईसीएल कंपनी में चल रहे हाइवा क्रमांक सीजी 15 ईसी 3755 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने एक युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया।

# बेबदी में डायरिया से एक महिला की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

बलंगी क्षेत्र में डायरिया से एक महिला की मौत हो गई इसके साथ ही परिवार के दो सदस्यों की हालत गंभीर है। महिला को उल्टी-दस्त की शिकायत पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएमएचओ, बीएमओ प्रभावित गांव पहुंचे। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में कैंप लगाने के निर्देश दिए गये है।

बताया जा रहा है कि जिले के बलंगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेबदी निवासी 35 वर्षीया लीलावती पति सूरज लाल को 21 अगस्त को अचानक उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हुई थी। लगातार उल्टी दस्त व हाथ पैर में खिचाव के कारण महिला को देर रात पीएचसी बलंगी से सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया था

## एक ही परिवार के लोग हुए प्रभावित, सीएमएचओ पहुंचे प्रभावित गांव



**चल रहा है उपचार**

घटना की सूचना मिलने के बाद प्रभावित गांव का दौरा किया गया है। एक महिला की मौत हुई है। इसके साथ ही दो अन्य लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत पर भर्ती कराया गया है। गांव में कोई दूसरा परिवार डायरिया से प्रभावित नहीं मिला है फिर भी एहतियातन कैंप लगाने के निर्देश दिए गये है।

-डॉ. बसंत सिंह
सीएमएचओ

जहां चिकित्सकों द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा था लेकिन शुक्रवार की सुबह 7 बजे महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही परिवार की 36 वर्षीया जुगमनिया पति रामलाल व 28 वर्षीया बिफिया पति राम शरण को भी उल्टी दस्त की शिकायत पर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं एहतियातन परिवार के अन्य सदस्यों को भी पीएचसी बंगली में एडमिट करने के निर्देश दिए गये है। बताया जा रहा है कि गांव में सिर्फ एक ही परिवार में डायरिया की शिकायत है। ऐसे में फिलहाल डायरिया के कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन दूषित भोजन पानी के कारण डायरिया होने की बात कही जा रही है। परिवार के सदस्य 15 अगस्त के आस पास से बारी-बारी बीमार पड़ रहे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह भी प्रभावित गांव पहुंचे और मृतक के परिजन से मुलाकत की। उन्होंने परिवार के सदस्यों को ताजा भोजन करने और पानी उबालकर पीने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने एहतियातन गांव में कैंप लगाने के निर्देश है।

### नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर जारी है अनिश्चितकालीन हड़ताल

# अनोखा प्रदर्शनः एनएचएम कर्मियों ने कोटरा लेकर मांगी भीख



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एनएचएम के कर्मचारियों ने शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन किया। एनएचएम के चिकित्सा, नर्सिंग स्टाफ व अन्य कर्मचारी हाथ में कोटरा लेकर सड़क पर निकले और भीख मांगा। संघ ने शहर के दुकानों, ठेले गुमटियों से भीख मांगकर अपना विरोध जताया। इतना ही नहीं कर्मचारी इस राशि को शासन के कोष में जमा कराएंगे ताकि शासन उन्हें नियमितीकरण का उपहार प्रदान करे।

**खास बात**

- हड़ताल से ठप है पीएचसी, सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाएं

दरअसल संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, योग्यता एवं कार्य अनुभव के अनुसार समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति लागू कर ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। प्रदेश के साथ ही सरगुजा में भी एनएचएम के 650 से अधिक चिकित्सक, स्टाफ नर्स, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, मनोरोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट सहित अन्य संविदाकर्मी हड़ताल पर चल रहे है। इस हड़ताल के कारण पीएचसी, सीएचसी, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, मोहल्ला क्लिनिक में काम काज ठप हो गया है। इसके साथ ही इस बार बच्चों के उपचार की सुविधा एसएनसीयू भी इस हड़ताल में प्रभावित हुई है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के बाद भी अब तक शासन की ओर से कोई पहल नहीं की है। ऐसे में एनएचएम के कर्मचारियों ने शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारी एसबीआइ कलेक्टोरेट ब्रांच के सामने स्थित धरना स्थल से हाथों में कटोरा लेकर भीख मांगने निकले। कर्मचारियों ने शहर के दुकानों, ठेले-गुमटियों और राह चलते लोगों से भीख मांगा और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। लोगों ने भी एनएचएम के कर्मचारियों को भिक्षा दी। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वे लगातार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है। पूर्व में मिले वर्षों के आश्वासन के बाद भी कोई मांग पूरी नहीं हुई। इतना ही नहीं हड़ताल पर अब तक सरकार से कोई उनसे मिलने नहीं आया। ऐसे में उन्होंने भीख मांगकर जनता को अपनी समस्याओं से अवगत कराने का निर्णय लिया। इसके साथ ही भीख में मिली राशि को कर्मचारियों द्वारा शासन के कोष में जमा कराया जाएगा ताकि शासन उन्हें उसी राशि का उपयोग कर उपहार में नियमितीकरण प्रदान करे। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है शासन प्रदर्शन और हड़ताल जारी रहेगा।

## अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल से शासकीय कार्यालयों में

केंद्र के समान महंगाई भत्ता समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शासकीय अधिकारी-कर्मचारी शुक्रवार को हड़ताल पर रहे। शासकीय कर्मियों ने एक दिन का सामूहिक अवकाश लिया और अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। इस हड़ताल से शासकीय कार्यालयों में काम काज प्रभावित रहा और ज्यादातर कार्यालयों में ताले लटके रहे। इसके साथ ही इस हड़ताल में चिकित्सक भी शामिल हुए जिससे अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रभावित हुई। हड़ताल के बाद रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। बता दें कि शुक्रवार को अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले प्रदेशभर के साथ ही सरगुजा में शासकीय अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर रहे। इस हड़ताल के तहत कर्मचारियों, अधिकारियों ने गांधी चौक के समीप धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान फेडरेशन के कमलेश सोनी, डॉ. सीके मिश्रा सहित अन्य ने बताया कि फेडरेशन द्वारा वर्षों से महंगाई भत्ता समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किए जा रहे है। पिछली सरकार में हमें आश्वासन मिला लेकिन वादा पूरा नहीं हुआ। चुनाव के दौरान वर्तमान की सरकार ने भी मोदी की गारंटी के तहत सभी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया था अब तक मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से महंगाई भत्ता को रोक कर रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के सामान देय तिथि से महंगाई भत्ता, महंगाई राहत दिया जाए। इसके साथ ही वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। प्रदेश के लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान कमशः 8,16, 24, 32 वर्ष में दिया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दिया जाय। प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति प्रदेश में कैशलेस सुविधा लागू की जाए।



## फेडरेशन ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी लागू करने के संबंध में धरना प्रदर्शन कर रैली निकाल मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर आज प्रदेशभर में एकजुट होकर सभी कर्मचारी-अधिकारी अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन केंद्र सरकार की गारंटी के अनुरूप सुविधाएं लागू करने और राज्य सरकार से लंबित मांगों के जल्द निराकरण की मांग को लेकर किया गया। प्रदेश के विभिन्न संगठनों ने भी फेडरेशन के आंदोलन को पूर्ण समर्थन कर आंदोलन में शामिल हुए। फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शन पूर्णतः शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक ढंग से आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन में कर्मचारी अधिकारी का जनसैलाब आना इस बात का सबूत है कि शासन के प्रति सभी में आक्रोश व्याप्त है। जिले के सुदूर अंचलों से सभी कर्मचारी-अधिकारी की उपस्थिति निश्चित तौर पर शासन को सोचने पर मजबूर कर देगी कि ज्यादा समय तक क म ' चा री अधिकारियों की उपेक्षा नहीं की जा सकती है। फेडरेशन के सभी संगठनों, पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने इस आंदोलन में भाग लेकर अपने कार्यक्रम को सफल बनाया।

- मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## डॉ. सोनी को मिला बेस्ट आरटीआई पीआईएल एक्टिविस्ट का अवार्ड

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को नेल्सन मंडेला से सम्मानित किया गया है। इंदौर में आयोजित नेल्सन मंडेला ग्लोबल ब्रिलियंट 2025 में लेफ्टिनेंट जनरल बीएस सिसोदिया, एयर मार्शल शशिखेर चौधरी तथा पद्मश्री डॉ सतेंद्र सिंह लोहिया के हाथों डॉ. डीके सोनी को बेस्ट आरटीआई, पीआईएल एक्टिविस्ट का अवार्ड दिया गया । बता दे कि सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ डीके सोनी द्वारा हमेशा न्याय में देरी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए जाते रहे हैं।

इसी कड़ी में ग्रो भारत फाउंडेशन के चयन समिति द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक एवं कानूनी स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का नॉमिनेशन मंगाया गया और उसके बाद चयन किया गया जिसमें सरगुजा एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में आरटीआई एवं पीआईएल एवं अन्य कानून के माध्यम से लगातार सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए अंबिकापुर के अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डॉ




डीके सोनी को भारत के अन्य राज्यों तथा नेपाल से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं और अधिवक्ताओं के समक्ष इंदौर में 17 अगस्त को लेफ्टिनेंट जनरल बीएस सिसोदिया, एयर मार्शल शशिखेर चौधरी तथा पद्मश्री डॉ. सतेंद्र सिंह लोहिया के हाथों बेस्ट आरटीआई, पीआईएल एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। इसके साथ ही डॉ. सोनी ने अपने कार्यों की जानकारी मंच के माध्यम से साझा की। अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को उक्त अवार्ड मिलने से उनके शुभचिंतकों सहित अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल है।

## नशे से बचाव के लिए पुलिस ने चलाया नवजीवन महाअभियान

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में जिले को नशा मुक्त बनाने अभियान नवजीवन मुहिम में पुलिस का कदम से कदम मिलाकर नागरिक और स्कूली बच्चे साथ दे रहे है। नशा न करने का मजबूत संदेश से समाज को अवगत करा रहे है। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों एवं स्कूली बच्चों से कहा कि केवल पुलिस की सख्त कार्रवाई से नशा को समाप्त नहीं किया जा सकता इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। समाज को जागरूकत करना होगा ताकि नशे की कुरीति से बच सके।

कोतवारी पुलिस द्वारा बालक हाईस्कूल, थाना जयनगर ने हाईस्कूल जयनगर, थाना विश्रामपुर ने हाईस्कूल रामनगर, चौकी खड़गवां ने हायर सेकेण्डरी स्कूल, थाना झिलमिली ने हाईस्कूल दवना, चौकी चेन्द्रा ने हाईस्कूल चन्द्रमेढ़ा, थाना प्रेमनगर ने स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रेमनगर, चौकी तारा ने हाईस्कूल तारा, चौकी मोहरसोप द्वारा हाईस्कूल मोहरसोप, थाना ओड़गी ने हाईस्कूल ओड़गी, चौकी बसदेई ने जवाहर नवोदय विद्यालय, चौकी रेवटी ने हाईस्कूल गोविन्दपुर, चौकी सलका ने स्वामी आत्मानंद स्कूल, चौकी करंजी ने प्राथमिक शाला दतिमा, चौकी खड़गवां ने हाईस्कूल पंपापुर सहित अन्य थाना-चौकी द्वारा स्कूलों में नशे से बचाव की जानकारी देते हुए नवजीवन अभियान का मानव श्रृखंला बनवाकर, नशा न करने और न करने देने की शपथ दिलाई।

C.G.SCHOOL/COLLEGE OF NURSING
Bilaspur & Raipur
सर्वे संतु निरामया: CCN
23 वर्षों से संचालित नर्सिंग चिकित्सा, शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था

BSc Nursing
4yr (12 पास बायो के लिए)

GNM Nursing
3yr (12वी पास सभी विषयो के लिए)

सी जी स्कूल / कॉलेज ऑफ नर्सिंग क्यों है स्टूडेंट्स की पहली पसंद ?

रजिस्ट्रेशन प्रारंभ 2025-26




क्योंकि
- अब तक 1700+ विद्यार्थी सरकारी नौकरी व 2200+ विद्यार्थी को प्राइवेट अस्पताल मे नौकरी प्राप्त
- सुरक्षित कैम्पस
- अनुभवी शिक्षको द्वारा शिक्षा
- छ.ग. के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल मेकाहारा व जिला चिकित्सालय बिलासपुर-रायपुर में क्लीनिकल प्रशिक्षण

सेपरेट गर्ल्स और बॉयज़ हॉस्टल
100% कैम्पस प्लेसमेंट की गारंटी
24x7 CCTV कैमरे की निगरानी

#Rajesh

ADMISSION RELATED QUERY:
Kota Road, Sakri, Bilaspur 7722995707, 9993575707
New Rajendra Nagar, Raipur 9993582707, 7722991707
@cgcollegeofnursing +91 9993582707 www.cgnursing.com ccnraipur@gmail.com

## खबर संक्षेप

### रानी सती दादी का संगीतमय मंगल पाठ का किया गया आयोजन



**अकलतरा।** दादी परिवार द्वारा भादो माह के अमावस के दिन झुंझुनू वाली रानी सती दादी मां का भव्य रूप से मंगल पाठ कराया गया। यह आयोजन दादी परिवार के द्वारा नगर में पिछले 9 वर्षों से कराया जा रहा है। कार्यक्रम में भव्य रूप से छप्पन भोग, सवा मणि, दादी का मुकलावा, झांकी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंगल पाठ के दौरान तरुण सोनी रायपुर एवं उनके साथी सूरज म्यूजिकल ग्रुप बिलासपुर के सदस्यों के द्वारा मनमोहक एवं संगीतमय मंगल पाठ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अकलतरा दादी परिवार की सुनीता गोयल ,कल्पना केडिया, कुसुम अग्रवाल, विनीता केडिया, पिंकी केडिया ,रेखा अग्रवाल ,राज अग्रवाल, सोनल तुलषयान ,मुक्ता सिंघनिया, विमला सिंघनिया, सरला लिखमनिया ,किरण तुलशयान, सुनीता गुप्ता, कविता कमानिया, संजू कमानिया ,पायल अग्रवाल, निर्मला बगड़यि, संगीत गोयल, बबिता खंडेलिया, शिखा केडिया, प्रीति भोजासिया ,सरिता केडिया द्वारा लिखमनिया धर्मशाला में किया गया।

### रावत नाच महोत्सव समिति देगा छात्रवृत्ति, आवेदन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** अविभाजित बिलासपुर जिले की सीमा में आने वाले जांजगीर चांपा सहित पुरानी सीमा में आने वाले जिले के प्रतिभावान नियमित यादव छात्र-छात्राओं को पूर्व की भांति बिलासपुर रावत नाच महोत्सव समिति नगद छात्रवृत्ति देगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्ड्री सामान्य पाठ्यक्रम (12 वीं) व हाईस्कूल (10 वीं) की परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्तं करने वाले बिलासपुर जिला पुरानी सीमा (कोरबा, जांजगीर-चांपा, लोरमी, पण्डरिया मुंगेली, कोटा एवं पेण्ड्रा) आदि क्षेत्र के यादव छात्र-छात्राओं को अलग-अलग क्रमशः पांच हजार एवं तीन हजार, रूपयों की राशि नकद छात्रवृत्ति स्वरूप प्रदान की जायेगी। उपरोक्त छात्रवृत्तियों के अतिरिक्त रावत नाच गोल ( दल) से सम्बद्ध परिवारों के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए भी अलग से छात्रवृत्ति की घोषणा की गयी है। जिसमें इस वर्ष 5 छात्र एवं 5 छात्राओं को 38 हजार रूपयों की राशि नकद प्रदान की जायेगी। जिससे संबंधित सूचना एवं आवेदन पत्र का प्रारूप गोल ( दल) के मुखिया को डाक द्वारा भेजी गई है। छात्र/छात्राएं अपने गांव के गोल के मुखिया से फार्म की फोटोकापी प्राप्त कर आवेदन भर सकते हैं। इन छात्रवृत्तियों के लिए सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण यादव छात्र-छात्रायें अपना आवेदन सीधे अथवा अपने पालकों के माध्यम से सादे कागज में पूर्ण विवरण सहित अंक-सूची की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न कर 31 अगस्त तक डा. कालीचरण यादव, संयोजक रावत नाच महोत्सव समिति बनियापारा, जूना बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के पते पर भेज सकते हैं।

### कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह पूर्वक लिया भाग



**मालखरौदा।** सरस्वती शिशु मंदिर मालखरौदा एवं पिहरीद के पढ़ने वाले बच्चों के बीच कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ब्लॉक मुख्यालय के खेल मैदान में जहां बालक बालिका वर्ग के खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पिहरिद ने प्राप्त किया। इसी प्रकार कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान पिहरीद ने प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में मालखरौदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 24 अगस्त को परसदा में होगा। निर्णायक की भूमिका में भुवन श्रीवास व छोटेलाल सिदार रहे।

#### लाइब्रेरी में छात्रों से की चर्चा, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नई किताबें उपलब्ध कराने के निर्देश

# जिला ग्रंथालय, शासकीय बहुदिव्यांग विद्यालय और वृद्धाश्रम का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला ग्रंथालय, शासकीय बहुदिव्यांग विद्यालय सह छात्रावास एवं वृद्धा आश्रम खोखरा का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शनिवार 23 अगस्त को निरीक्षण किया। उन्होंने जिला ग्रंथालय पेंड्री का दौरा कर वहां विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उपलब्ध पुस्तकों, पढ़ाई व्यवस्था तथा समय पर खुलने और बंद होने की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने ग्रंथालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की निर्देश दिए उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित सभी पुस्तकों की व्यवस्था लाइब्रेरी में की जाए और समय-समय पर आवश्यक प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों को भी मंगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी में सभी व्यवस्था व्यवस्थित रहे और बच्चों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, कैमरा लगाए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुस्तकालय में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए जिससे विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को अध्ययन के लिए उपयुक्त वातावरण मिले। कलेक्टर ने शासकीय बहुदिव्यांग विद्यालय सह छात्रावास का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, भोजन व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए अन्य गतिविधियां जैसे कि संगीत, डांस, पेंटिंग आदि के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ाने एवं उनका सर्वांगीण विकास करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने खेलकूद की सामग्री, बच्चों को दिए जा रहे भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने दिव्यांग स्कूल के पीछे खाली पड़ी जगह को उपयोगी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए बनाए गए स्मार्ट क्लास की जानकारी ली और समय-समय पर विभिन्न प्रोग्राम चलाए जाने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान बच्चों से चर्चा करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

### वृद्धाआश्रम खोखरा की सुधारें व्यवस्थाएं

निरीक्षण के दौरान उन्होंने खोखरा स्थित वृद्धा आश्रम का भी भ्रमण किया और वहाँ रह रहे वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग बच्चों की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने आश्रम में साफ-सफाई, भोजन आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रबंधन को निर्देशित किया कि बुजुर्गों के आने-जाने के लिए रैम्प को व्यवस्थित करने कहा। उन्होंने आश्रम प्रबंधन को निर्देश दिए कि बुजुर्गों एवं दिव्यांग बच्चों की देखभाल एवं आवश्यक सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी न हो। उन्होंने प्रबंधन को रैम्प के साथ सीढ़ी बनाने, शौचालय, रूम की नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृद्धाआश्रम में जो कमियां पाई गई है, उन्हें एक माह के भीतर दुरुस्त करने और संबंधित अधिकारी को नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम सुब्रत प्रधान एवं पवन कोसमा सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## पोला पर्व पर हुई नंदी की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

■ बाजार में मिट्टी से बने बैल की खूब हुई बिक्री

पोला पर्व शनिवार 23 अगस्त को जिले में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। नंदेश्वर को सजाकर उनकी विधिविधान पूर्वक पूजा-अर्चना की गई। वहीं लकड़ी व मिट्टी से बने नंदी बैल की पूजा की गई। बाजार में भी मिट्टी से बने बैल की खूब बिक्री हुई।

छत्तीसगढ़ में पोला मुख्यतः खेती-किसानी से जुड़ा त्यौहार है जो भाद्र पक्ष की अमावस्या को मनाया जाता है। शनिवार 23 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ पोला का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। पोला त्योहार के दिन सभी क्षेत्रों के किसान अपने घरों में अपनी गायों और बैलों को सजाया औश्र मिट्टी के बर्तनों में पारंपरिक छत्तीसगढ़ व्यंजन का भोग लगाया। वहीं जिनके पास खेत नहीं है वे भी इन उत्सव के दौरान मिट्टी के बैलों की पूजा करके अपना सम्मान व्यक्त किया। पोला त्यौहार के बारे में कहा जाता है कि इस दिन अन्नपूर्णा माता गर्भधारण करती है। धान के पौधों में इस दिन दूध भरता है इसलिए यह त्यौहार मनाया जाता है। शनिवार को सुबह से ही बैलों के मालिक अपने बैलों को सजाकर उनकी पूजा-अर्चना की। इस दौरान घरों में ठेठरी, खुरमी, चौसेला, खीर पुड़ी सहित मीठे पकवान बनाए गए। आज के दिन लकड़ी व मिट्टी के बने बैलों की पूजा अचर्ना करने की परंपरा रहती है। नंदेश्वर की पूजा-अर्चना पश्चात बच्चे मिट्टी व लकड़ी से बने बैलों को खेलने में जुट गए। पोला को लेकर बाजार में मिट्टी के बैल और अन्य सामग्री की बिक्री पहले से ही प्रारंभ हो गई थी।

### शासकीय नवीन महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा एवं विधि संबंधी दी गई जानकारी



**देवरी - सारागांव।** नगर के शासकीय नवीन महाविद्यालय सारागांव में हमर पुलिस हमर संग एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं विधि संबंधी जानकारी दी गई। थाना प्रभारी सारागांव निरीक्षक सुभाष चौबे एवं हैड कांस्टेबल बलविंदर सिंह ने विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि किसी भी सुरक्षा संबंधी सहायता के लिए पुलिस सदैव आपके साथ है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सतर्क रहने एवं कानून की जानकारी रखने की अपील की। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों को न केवल अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूकता मिली, बल्कि वे अपने परिवारजनों को भी इसका लाभ पहुँचा सकेंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक चंद्रा, भाजपा नेता राजेंद्र पांडे एवं केशव करियारे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

## 151 की जांच में 71 मरीज मिले मोतियाबिंद से ग्रसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाराद्वार

नगर पंचायत नया बाराद्वार द्वारा गुरुवार को निःशुल्क नेत्र रोग एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

■ 31 मरीज को ऑपरेशन के लिए भेजा गया रायपुर, 40 को दिया गया नि:शुल्क चश्मा

शिविर में 151 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 71 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए। इनमें से 31 मरीजों को ऑपरेशन हेतु वाहन से रायपुर भेजा गया, जहां उनका निःशुल्क उपचार कराया जाएगा। वहीं 40 मरीजों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सक्ती के सभापति आयुष शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीण अंचल के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराए जाएंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने कहा कि सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से हमें मिलकर नगर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाना है। इसी दिशा में यह नेत्र जांच शिविर रखा गया, जिससे न केवल नगर बल्कि आसपास के ग्रामीण भी लाभान्वित हुए। नगर के भौतिक विकास नीति पर भी हमें एकजुट होकर कार्य करना होगा। नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने कहा कि आगे भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि आमजन को निःशुल्क चिकित्सकीय सुविधाएं मिल सकें। शिविर में पाए गए मोतियाबिंद मरीजों को लेकर रायपुर रवाना किए गए। वाहन को अध्यक्ष नारायण कुर्रे और उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन की नगर में जमकर सराहना हो रही है। शिविर में शामिल लोगों ने नगर पंचायत की पहल की प्रशंसा करते हुए अध्यक्ष नारायण कुर्रे और उपाध्यक्ष जितेश शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया।




बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

### कुरियारी में खबर प्रकाशन के बाद लंबे समय से खराब हैण्डपंप की हुई मरम्मत

**गोधना।** नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरियारी में हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़ा था। इसके चलते ग्रामीण व बच्चे पेयजल संकट से जूझ रहे थे। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। खबर प्रकाशित करने के बाद विभाग का अमला पहुंचा और हैण्डपंप का मरम्मत किया। गौरतलब है कि कुरियारी में हैंडपंप लंबे समय से खराब था। बच्चों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ था। ग्रामीणों ने खराब हैंडपंपों मरम्मत कर उन्हें चालू कराया जाने की मांग की थी। बावजूद इसके पहल नहीं हो रही थी। हरिभूमि द्वारा 22 अगस्त के अंक में "कुरियारी में महीनों से हैंडपंप बंद, पानी को तरस रहे बच्चे" शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया। खबर छपने के बाद पंचायत एवं जनप्रतिनिधियों ने समस्या पर तत्काल संज्ञान लिया। ग्राम पंचायत कुरियारी में खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कराने के लिए जल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गांव में महीनो भर से बंद पड़े कई जगह के हैंडपंप को बनाने का काम किया गया। अब ग्रामवासियों ने राहत की सांस ली है। जल्द ही नए बोर में मोटर पंप लगाकर पेयजल आपूर्ति शुरू करने का आश्वासन भी अधिकारियों ने दिया है।



## यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फगुरम

फगुरम चौकी क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए सख्त कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा के निर्देशन में शुक्रवार शाम ठीक 5 बजे फगुरम चौकी के सामने खरसिया - डभरा मुख्य मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

■ चलानी कार्रवाई के साथ यातायात नियमों का पालन करने दी गई समझाइश

अभियान की कमान चौकी प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व में एएसआई हीरा राम संवरा ने संभाली। चेकिंग के दौरान पुलिस ने सैकड़ों वाहनों को रोककर जांच की। बिना हेलमेट दोपहिया चालक, तीन सवारी बैठाकर चलने वाले वाहन और बिना सीट बेल्ट कार चला रहे चालकों पर विशेष निगरानी रखी गई। नियम तोड़ने वालों को न केवल चालानी कार्रवाई का सामना करना पड़ा बल्कि उन्हें मौके पर यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते मामलों के पीछे मुख्य कारण लापरवाही और नियमों की अनदेखी है। ऐसे में यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान लोगों को सुरक्षित ढंग से वाहन चलाने, गति सीमा का पालन करने और शराब सेवन कर वाहन न चलाने की शपथ भी दिलाई गई। चेकिंग के समय चौकी के समस्त पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। अभियान को लेकर आमजन में जागरूकता का संदेश गया है कि पुलिस अब नियम तोड़ने वालों को कतई बख्शने वाली नहीं है। आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाने की जानकारी दी गई।



वाहनों की जांच करती पुलिस।

## सेमरिया में वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में प्रभारी प्रधान पाठक डॉ उमेश कुमार दुबे के मार्गदर्शन में एकादशियां मांझी व शिक्षकों ने मिलकर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मंदराज, गोवर्धन, बहरता, जैतराम,दशाराम,जीवन लाल, श्याम लाल कश्यप, पंचराम साहू, शेखराज मोहम्मद को विद्यालय परिवार ने सम्मान आंमत्रित कर तिलक लगाकर श्रीफल, शाल व तुलसी का पौधा देकर सम्मानित कर आशीर्वाद लिया।

विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस प्रत्येक वर्ष 21 अगस्त को मनाया जाता है इस दिन का उद्देश्य बुजुर्गों को प्रभावित करने वाले कारकों जैसे स्वास्थ्य में गिरावट और बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार के बारे में प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान और स्वायत्तता के साथ जीवन जीने का अधिकार है, उन्हें अपमानजनक व्यवहार से मुक्ति और निजी जीवन के प्रति सम्मान, पर्याप्त भोजन, आश्रय, कपड़े और सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक सेवाओं और आवास तक पहुंच का अधिकार है, जिसमें उम्र या अन्य स्थिति के आधार पर भेदभाव से मुक्ति शामिल है। कार्यक्रम को एकादशियां मांझी, शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप, अनुपमा जांगड़े ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष राजू साहू, गुलजार खान, टीकाराम गोपालन, कैलाश खूंटे, कौशल यादव, अशोक जांगड़े व यूथ क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



#### कामकाज नहीं होने से दूर दराज से पहुंचे लोगों को लौटना पड़ा बैरंग

# कर्मचारी-अधिकारी रहे हड़ताल पर, दफ्तरों में पसरा रहा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सक्ती के बैनर तले जिला के कर्मचारी-अधिकारी 15 सूत्रीय मांग को लेकर 22 अगस्त शुक्रवार को एकदिवसीय काम बंद कलम बंद हड़ताल पर रहे। उनकी हड़ताल से जिले के सभी शासकीय दफ्तर में सन्नाटा पसरा रहा। कार्यालय तो खुले रहे लेकिन कामकाज ठप रहा। दूर दराज से विभिन्न कार्य करने पहुंचे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिना काम कराए ही बैरंग लौटना पड़ा।

शुक्रवार 22 अगस्त को पूर्वाह्न 11 से ही जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष जेठा सक्ती में धरना पंडाल स्थान पर जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज एवं प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया। संरक्षक विजय बहादुर सिंह, खगेश कुमार पटेल, जिला उपसंयोजक विकास चौबे, जिला उपाध्यक्ष संतोष सोनी, सुरेश जायसवाल, बंसी बिहारी सिंह बनाफर, रवि बघेली, संजय गबेल, महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजिका श्रीमती पार्वती खूंटे, जिला महासचिव डॉक्टर श्रीमती रजनी पटेल, उपसंयोजिका श्रीमती पायल देवांगन, जिला सचिव श्रीमती संयोगिता रात्रे, कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती सुभाषिनी भगत, नीता कोसले, विमला कोसले, शर्मीली मिंज, अनीता साहू, श्रीमती चंचला वर्मा, अरुणा लकड़ा, श्रीमती एस रवानी, श्रीमती उषा सारथी, सरिता ध्रुव, बबीता वैष्णव, खगेश्वरी मांझी, डिडेश्वरी जगत, विनीता बर्मन, शिमला मरावी, चंद्र कांति सिदार, श्रीमती देहूति, सुशीला पटेल, लिलामबरी बरेठ, श्रीमती राधनी मेहरा, सुश्री अहिल्या भारती, श्रीमती गीता खूंटे, श्रीमती शकुंतला राठिया, कुमारी कविता चौहान, श्रीमती उत्तरा चंद्र, श्रीमती रजनी साहू, श्रीमती सुनीता साहू, ज्योति बंजारे, सरिता ध्रुव, रामगोपाल थवाईत, रमेश देवांगन, विजय खूंटे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारियों ने भाग लिया।



अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते अधिकारी-कर्मचारी।

### कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आवेदन 27 तक

**हसौद।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि बुधवार 27 अगस्त तक बढ़ाई गई है। चयन परीक्षा 13 दिसम्बर को सुबह 11:30 बजे से आयोजित की जायेगी। इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में दिनांक 31 जुलाई तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत रहेंगे। योग्य विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/Index/Registration पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन



डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com



11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411